# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उ0प्र0

प्रेषकः–
कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर (उ0प्र0)
Email : sportsvbspu@gmail.com

website : vbspu.ac.in
Fax : 05452-252244

पत्रांकः 107/क्रीड़ा/2025
दिनांक–05.07.2025

## अनुस्मारक

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

**विषयः– सत्र 2025–2026 की अन्तर महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के आवंटन हेतु मांग पत्र के सम्बन्ध में।**

महोदय,

पूर्व में प्रेषित पत्रांक संख्या–1006/क्रीड़ा/2024 दिनांक 08.10.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि सत्र 2025–2026 की अन्तर महाविद्यालयीय पुरूष/महिला प्रतियोगिता का आयोजन अपने महाविद्यालय में कराये जाने हेतु 30 जून 2025 तक वरीयता के आधार पर किन्हीं दो प्रतियोगिताओं का माँग पत्र मांगा गया था।

कृपया तद्आलोक में माँग पत्र जो प्रतियोगिता आपके महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न करायी जा सकती है, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 25 जुलाई, 2025 तक प्राप्त कराने अथवा इमेल से प्रेषित करने का कष्ट करें। इमेल : sportsvbspu@gmail.com

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वरिष्ठ आशुलिपिक वित्त, वित्त अधिकारी जी के अवलोकनार्थ।
3. वेब प्रभारी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने करने का कष्ट करें।

कुलसचिव